अमृत भारत स्टेशनों में प्रदेश के छह स्टेशन शामिल

प्रधानमंत्री 22 मई को देश भर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

गोटेगांव, देशबन्धु। भारतीय रेल को देश की जीवन रेखा माना जाता है, और रेलवे स्टेशन किसी भी शहर की पहचान का केंद्र होते हैं। अधिकतर स्टेशन शहर के बीचोंबीच स्थित होते हैं, जहां आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां सजीव रहती हैं। इसलिए स्टेशनों का विकास केवल यात्री सुविधाओं तक सीमित नहीं रहकर, उन्हें स्थानीय विरासत और पहचान से जोड़ना ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमृत काल में तेज़ विकास की दिशा पकड़ी है। उनकी प्रेरणा से भारतीय रेलवे ने 1300 से अधिक स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की और अब 103 स्टेशनों का उदघाटन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत होने जा रहा है।

यह विकास की नई संस्कृति है, जिसमें शिलान्यास से उद्घाटन तक का सफर रिकॉर्ड समय में पूरा हो रहा है और इसके लिए भारतीय रेलवे सराहना की पात्र है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1300 से अधिक स्टेशनों में जो 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं, उनमें मध्य प्रदेश राज्य के छह स्टेशन – कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। 86 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित इन स्टेशनों में सौंदर्य, सुविधा और संस्कृति तीनों का समन्वय है। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। वहीं, हर स्टेशन पर मध्य प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है।

श्रीधाम रेलवे स्टेशन– श्रीधाम रेलवे स्टेशन अब आधुनिकता और परंपरा का संगम बन चुका है। 12.72 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित इस स्टेशन में यात्रियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्मों का उच्चीकरण, विस्तारित छायादार क्षेत्र, सौंदर्यीकृत सर्कुलेटिंग एरिया, नव निर्मित प्रवेश द्वार, सुव्यवस्थित टिकट काउंटर और आधुनिक प्रतीक्षालय अब इस स्टेशन की पहचान बन चुके हैं। स्टेशन भवन के फासाड को भी आकर्षक और सांस्कृतिक रूप में नया डिजाइन दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए पुरुष एवं महिला शौचालयों के साथ–साथ दिव्यांगजन अनुकूल विशेष सुविधाएं, ड्ढक्क प्रतीक्षालय, द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था की गई है। इससे न केवल यात्रा अनुभव बेहतर होगा, बल्कि लोगों को स्टेशन पर समय बिताना भी सुखद अनुभव प्रदान करेगा।

यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है यह न केवल एक रेलवे स्टेशन का विकास है, बल्कि नरसिंहपुर जिले की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक पहचान को नया आयाम देने वाला कदम भी है। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल द्वारा प्रदान की गई है।

सवारी गाड़ी अलग-अलग, नाम एक से, यात्री हो रहे भ्रमित

करकबेल, देशबन्धु। पश्चिम मध्य रेल मंडल जबलपुर खंड चलने वाली इटारसी बीना इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस एवं प्रयागराज छिवकी इटारसी छिवकी प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन के डिब्बों में एक से नाम लिखे होने से यात्री न केवल परेशान होते हैं । भ्रम होने ट्रेन भी चूक जाते हैं।

बीना इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस जिसका रुट इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, गोटेगांव, जबलपुर, कटनी, रीठी, दमोह सागर, बीना स्टेशन है । वहीं इटारसी प्रयागराज छिवकी पैसेंजर का रुट पिपरिया, नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, भिटोनी, मदन महल जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, छिवकी प्रयागराज है। पर प्रश्न यह है कि ये सवारी गाड़ी अलग–अलग हैं पर ट्रेन में लगे वोर्ड एक ही गाड़ी के लगे हैं।

इस कारण से हमेशा भ्रम में यात्रा करने में मजबूर खबर के माध्यम रेल विभाग इस ओर गंभीरता से ध्यान दें तो अच्छा रहेगा। नहीं तो यात्रियों की चिंता से क्या सरोकार है।

सार-समाचार

रामजी बाबा की चरण पादुकाएं पंढरपुर के लिए रवाना

पिपलानारायवार, देशबन्धु। 19 मई 2025 विदेही श्री संत समर्थ सद्गुरु रामजी बाबा देवस्थान, बानाबाकोडा से पावन चरण पादुकाएं भक्तिभाव से भजन, सत्संग, कीर्तन एवं महाप्रसाद के आयोजन के पश्चात पंढरपुर नगरी के लिए रवाना हुईं। यह शुभ अवसर वैशाख शुद्ध षष्ठी के पवित्र दिन संपन्न हुआ। रामजी बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि जनमानस के हृदय में प्रेम, सेवा, नामभक्ति और त्याग की अमिट छवि छोड़ने वाले महान विदेही श्री संत सद्गुरु थे । उनकी स्मृति मात्र से भक्तों के मन में अध्यात्म का दीप प्रज्वलित होता है। आज उनके पावन चरणों की प्रतीक पादुकाएं पंढरपुर की ओर प्रस्थान कर रही हैं, यह क्षण सम्पूर्ण क्षेत्र एवं गांव के लिए गर्व, श्रद्धा और भक्ति का संगम रहा।

विदेही श्री संत रामजी बाबा मंदिर देवस्थान के वातावरण में जय रामजी बाबा के जयघोष गूंजते रहे और पूरे परिसर में भक्तिरस की गंगा बही। इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर सुरेश नखाते , नत्थू राउत, चिढ़बा महाराज सरोदे, रामदास नखाते, धनराज सहस्त्रबूढ़े, डॉ राजेंद्र एमदे, राजु जायसवाल, रत्नाकरजी डांगे, राजेंद्र नखाते, अरविंद डाहाके, राजु ढोबले, राधेश्याम बेंडे, धनराज सरोदे, प्रशांत एमदे, दिलीप चौड़े, पिंटू भाऊ सहस्त्रबूढ़े, गंगाधर सोमकुवर, राजु डांगे एवं गांव के अनेक गणमान्य नागरिक ग्रामवासी, सेवकगन और श्रद्धालू भारी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए नवीन आवेदन आमंत्रित

सिवनी, देशबन्धु। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी में युवाओं के लिये स्वयं का उद्योग/सेवा/व्यवसाय स्थापित करने के लिये मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का वर्ष 2025–2026 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु samast.mponline.gov.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि परियोजना लागत उद्योग विनिर्माण इकाई के लिये राशि रूपये 50 हजार से 50 लाख तक एवं सेवा व्यवसाय हेतु रूपये 50 हजार से 25 लाख तक देने की योजना है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उर्तीण,। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो। परिवार से आशय यह है, कि आवेदक के अविवाहित होने पर आवेदक स्वंय एवं उसके माता पिता से है अथवा यदि आवेदक के विवाहित होने पर पति पत्नि एवं आश्रित बच्चों से है। यदि आवेदक का परिवार आयकर दाता है, तो पिछले 3 वर्षों की आयकर विवरण आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मठ तालाब की साफ-सफाई में जुटे नपा अध्यक्ष व पार्षद

सिवनी, देशबन्धु। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विविध गतिविधियां संचालित हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा गत 19 मई को मठ तालाब सिवनी में साफ–सफाई की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, पार्षद रविशंकर भांगरे, राजिक अकील, रामकुमारी बरमैया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, विक्रांत दुबे, पूर्व पार्षद दीपू मिश्रा, संजीव मिश्रा, तनु श्रीवास, कौमी एकता से असलम बाबा, नीलमचंद सोनी, वार्ड के नागरिकगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह मस्कोले, उपयंत्री बिन्देश्वरी पन्द्रे निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा श्रमदान के माध्यम साफ–सफाई की गई।

तालाब में लगे कचरे को काटा गया। इस अभियान में स्थानीयजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सामुदायिक नेतृत्व द्वारा तालाब से प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया एवं अन्य जल स्त्रोतों तथा जल की उपयोगिता महत्वता से नागरिकों को अवगत कराया जा रहा है।

वहीं नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों एवं नगरीय जल स्त्रोतों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं।

साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे रैलियों के माध्यम से प्रचार.प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं।

भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु। भारत विकास परिषद की गोटेगांव इकाई की महत्वपूर्ण बैठक श्रेया होटल में संपन्न हुई। बैठक में रीजनल अध्यक्ष इंजीनियर सुनील कोठारी ने संगठन की समाज सेवा और भारतीय संस्कारों पर आधारित गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि परिषद कोटा, मुंबई सहित देशभर में अस्पताल, गौशालाएं, पर्यावरण संरक्षण, एनीमिया मुक्त भारत, ग्राम विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में सेवाकार्य कर रही है। बैठक के मुख्य अतिथि महाकौशल प्रांत के संरक्षक इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के गौरव सुनील कोठारी जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें गोटेगांव व महाकौशल क्षेत्र के सभी समाजसेवियों को साथ लेकर भारत विकास परिषद के बैनर तले सेवा कार्यों को और भी ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सभी को बधाई दी और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।गोटेगांव इकाई के अध्यक्ष गोविंद पटेल, सचिव राकेश शर्मा व कोषाध्यक्ष आशीष पटेल ने 50 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति पर सभी का स्वागत किया।

सत्र 2025–26 के निम्न दायित्वधारी नियुक्त – युवा नेता सीताराम पटेल ने सफल संचालन करते हुए बताया कि आगामी सत्र 2025–26 के लिए सर्वसम्मति से निम्न दायित्वधारी नियुक्त किए गए ।

उपाध्यक्ष- राजेश पटेल, सतीश पटेल, संपर्क प्रमुख सीताराम पटेल, प्रह्लाद लोधी,सेवा प्रमुख- इंजीनियर दीपक खरया ,संस्कार प्रमुख- रंजीत परिहार, महेश पटेल, पर्यावरण प्रमुख- इंजीनियर देवदत्त पचौरी, महिला संयोजक- श्रीमती संगीता/ संजय पटेल, प्रांतीय प्रौढ़ साधना प्रमुख- ओंकार पटेल बैठक में यह रहें मुख्य रूप से मौजूद रहं । प्रांतीय समिति में गोटेगांव से नामित सदस्य एड. प्रवीण सेन, कमलेश नामदेव, विनोद मेहरा, अरविंद पटेल, राजेंद्र पटेल, प्रसन्न जैन, भानु शशि भूषण पटेल,पंकज जैन, सतीश पटेल, मिलन पटेल, संदीप विश्वकर्मा, संजय पटेल, धनंजय नागेश, दीपेंद्र पटेल, ऋषि जैन, चंचल जैन, सोबरन पटेल, पत्रकार सीताराम रजक, माखन पटेल, प्रहलाद सिंह, महेश पटेल, मुरली माधवनी, धर्मेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, राजेश जैन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

इनका कहना है –

रीजन मीडिया प्रभारी बी.डी. सोनी ने बताया कि परिषद एक ऐसा मंच है जिसमें व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, किसान सभी वर्गों के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हैं और राष्ट्र सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

महाकौशल प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी ने केंद्र से प्राप्त दिशा–निर्देशों की जानकारी दी और गोटेगांव इकाई की सक्रियता की सराहना की।

गोटेगांव संरक्षक ओंकार सिंह पटेल ने परिषद को समाज सेवा की सर्वश्रेष्ठ संस्था बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति की सदस्यता से पूरा परिवार संगठन से जुड़ जाता है।

जिला संयोजक इंजीनियर देवदत्त पचौरी ने पूर्व सत्र और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं सभी सदस्यों को तिलक वंदन कर सदस्यता प्रदान की।

पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर निकली यात्रा का स्वागत

सौसर, देशबन्धु। पत्रकार सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर मीडिया संगठन मध्यप्रदेश द्वारा प्रारंभ की गई, पत्रकार न्याय यात्रा का सौसर के शिवाजी महाराज पुतले के समीप जिला भाजपा पांढुर्ना के अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड द्वारा न्याय यात्रा का स्वागत किया गया (इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड ने कहा कि हम पत्रकारों की मांग का समर्थन करते हैं और प्रदेश में शीघ्र पत्रकार कानून लागू होना चाहिए ताकि पत्रकार निर्भीकता के साथ पत्रकारिता कर सके ।

पत्रकार न्याय यात्रा बालाघाट से प्रारंभ होकर 14 जिलों से होती हुई राजधानी भोपाल पहुंचेगी,जहाँ मुख्यमंत्री से भेंट कर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की जाएगी ।

प्रदेश में पत्रकारों पर बिना पुख्ता साक्ष्यों के झूठे प्रकरण दर्ज किए जाने की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। पत्रकारों ने जब–जब भ्रष्टाचार, घोटाले और प्रशासनिक अनियमितताओं को उजागर किया है,तब–तब उन्हें डराने, धमकाने और दबाने के प्रयास हुए हैं।पत्रकार न्याय यात्रा में इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। यात्रा में बताया गया कि 12 दिसंबर 2017 को शासन ने यह आदेश जारी किया था कि किसी भी पत्रकार पर प्रकरण दर्ज करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक द्वारा साक्ष्यों की समीक्षा अनिवार्य होगी किंतु इस आदेश का आज तक पालन नहीं हो सका है,इस न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना है,ताकि पत्रकार निर्भय होकर निष्पक्ष पत्रकारिता कर सकें। यात्रा के अंतर्गत भोपाल पहुँचकर मुख्यमंत्री से भेंट एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

रोजगार मेले का आयोजन आज

सिवनी, देशबन्धु। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आई.टी.आई. सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवकों–युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 21 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय आई. टी. आई. बरघाट में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

दैनिक राशिफल

बुधवार 21 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-शतभिषा।

मेष – आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

वृषभ – आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुन – समय आपके अनुकूल नहीं होने के कारण आपके काम पूरे होने में देर होगी। आपके शरीर में थकान का अनुभव रहेगा। किसी तकलीफ से परेशान हो सकते हैं। (क-190-145)

कर्क – नकारात्मक मानसिकता के कारण आज निराशा अनुभव करेंगे। बाहर खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रहेगी। आपके गरम मिजाज पर अंकुश रखना होगा। परिजनों के साथ भी मतभेद हो सकता है।

सिंह – पति- पत्नी के बीच मामूली कारणों को लेकर मतभेद हो सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण होगा। सांसारिक विषयों में आपका मन नहीं लगेगा।

कन्या – आपका तन-मन स्वस्थ रहेगा। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। आपको खुशी, वित्तीय लाभ तथा कार्य में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में भी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

तुला – आज आप अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति से खुशी का अनुभव करेंगे। किसी बात का अत्यधिक विचार करने से मन उदास रह सकता है।

वृश्चिक – आज आप तन-मन से अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी- बड़ी चिंता आपको सता सकती है। कुटुंबजनों तथा सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। मां का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

धनु – आप आध्यात्मिक विषयों तथा रहस्यमयी विद्याओं की तरफ आकर्षण महसूस करेंगे। कोई काम करना चाहते हों, तो समय आपके अनुकूल रहेगा। अपने घर में मित्रों तथा संबंधियों का स्वागत करके आनंद अनुभव करेंगे।

मकर – आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना चाहिए। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें। शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना सकेंगे। आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा।

कुंभ – आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। परिजनों, मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। घूमने जाने या प्रवास पर्यटन की योजना बन सकती है।

मीन – आर्थिक विषय और पूंजी निवेश में आपको विशेष ध्यान रखने पड़ेगा। आपका ध्यान विचलित होगा और बेचैनी अनुभव होगा। आध्यात्मिक काम के पीछे खर्च हो सकता है। (म-689-890)

2,7,3,8-23,75,39,80,45,19,01,58

थोड़ा बहुत पैसा दूसरे बैंकों में जमा कर दिया करो

एक सेंट्रल बैंककर्मी ने ही खातेदार को दी यह नेक सलाह

गोटेगांव, देशबन्धु। दो, चार, पांच, दस हजार रुपए आप इसके बाहर जो बैंक खुली हुई हैं उनमें ही जमा कर सकते हैं और अपना समय बचा सकते हैं।

यह बात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कार्यालय करकबेल तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र. के एक कर्मचारी द्वारा बैंक के ही एक खातेदार, खातेदारों के शायद हित के लिए ही कही गई होगी? खातेदार ने अपना नाम न छापने की शर्त पर हमारे प्रतिनिधि को अपनी आप बीती बात बताई कि उक्त साहब ने कहा कि लाइन की भीड़ से बचने और अपने समय की बचत हेतु आप हमारी इस बैंक शाखा के बाहर जो बैंक (बीसी) शाखाओं हैं उनके माध्यम से आप पैसे जमा और निकाल भी सकते हैं, बैंक के एक साहब ने एकाध बीसी का नाम भी अपने मुखारविंद से ले ही लिया कि आप वहां जाकर इस तरह की परेशानी से अपने आपको बचा सकते हैं ।

इसी बीच एक खातेदार जिनके हाथ में एक पारदर्शी पन्नी की थैली में शायद दो, चार लाख रुपए जरूर ही होंगे जो कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया करकबेल शाखा में जमा हेतु ही लेकर आये थे जो किसी दूसरे प्रवेश द्वार से होकर सीधे इन साहब के समक्ष देखते ही देखते उपस्थित हो गये थे ।

इन बड़े खातेदारों के लिए कोई भी आम खातेदारों की तरह कोई भी लाइन नहीं होती ।इन बड़े खातेदारों का पैसा जमा और निकालना सहज सरल होता है। देखते देखते कई खातेदार आये तो जो लाखों की रकम जमा करके चले गए। ध्यान इस ओर आकर्षित करवाना चाहते हैं इस खबर के माध्यम से कि इस बड़े खातेदारों से यह नहीं कहा कि हमारी संस्था ने बाहर कई बैंक शाखा (बीसी) खोल रखी है उनमें जाकर आप पैसा जमा कर दीजियेगा जी। जबकि नाम न छापने वाले की शर्त वाले खातेदार ने एक बड़े खातेदार से यह जरूर ही कह दिया कि आप पैसा यहां जमा न करें बाहर इसी बैंक की शाखाएं (बीसी) खुली है उनमें जमा करें जी ? ऐ बड़े खातेदार सुनकर मुस्कुरा आगे चल दिए।

इस प्रकार के वार्तालाप या सलाह कहा तक उचित है या अनुचित है ये बात बैंक के साहिब जानें। अतः इस सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया करकबेल शाखा के शाखा प्रबंधक एवं इस शाखा की मुख्य संस्था ध्यान देने की कृपा करें।

समय–सीमा बैठक संपन्न

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 19 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय–सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत, एसडीएम मेघा शर्मा सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में विगत बैठक से कम प्रगति वाले विभाग प्रमुखों को चेतावनी दी।